Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 04-02-2022 | अंक 133

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**

करियातपुर में अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक बाइक में सवार दो लोग घायल हो गए। घायल उमेश मुर्मू पिता नान्हू मुर्मू एवं सुरेश यादव पिता किशोर यादव को तत्काल बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को रेफर कर दिया गया। मौके पर मो नबाब अली, मंटू सिंह ने सदर अस्पताल भिजवाने में सहयोग किया।

## आज का पंचांङ्ग –

**आज का अंग्रेजी दिनांक :-05.02.2022**
**शुभसंवत् :---2078(आनंद)**
**शके:---1943**
**सौम्यायन याम्यगोलः**
**ऋतुः---शिशिर**
**माहः---माघ**
**पक्षः---शुक्ल पक्ष**
**तिथिः---चतुर्थी तिथि प्रातः 06:42 मिनट तक उपरांत पंचमी तिथि**
**दिनः---शनिवार**
**नक्षत्रः---उ.भा.नक्षत्र**
**योगः---सिद्व**
**करणः---भ**
**सूर्योदय :---प्रातः 06:31**
**सूर्यास्त : संध्या 05:29**
**सूर्य :---मकर राशि में**
**चंद्रमा :---मीन राशि में**
**आज का राहूकाल दिनः---09:00 बजे से दिनः---10:30 बजे तक**
**अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक**
**(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नहीं करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)**
**आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खासः---आज विद्या की देवी माँ सरस्वती की पूजा सर्वत्र देश मे मनाया जाएगा।**
**नोटः---दिनांक 02-02-2022 से दिनांक 06-02-2022 तक पंचक रहेगा।**



**आलेख :---**
**संदीप शर्मा**
**(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)**
**पुजारी---माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा**
**सम्पर्क सूत्र-9931585660**

# विधायक के अनुसंशा पर ज़ियाडा ने 55 नम्बर प्लॉट में रास्ता बनाने की दी स्वीकृति, लीजधारी ने जताई आपत्ति

## कहा : ज़ियाडा से उन्हें नही मिली कोई लिखित आदेश, बाउंडरी एवं ऑक्शन की खर्च राशि कौन देगा?

## जब प्लॉट नंबर 56 में रास्ता पूर्व से ही निकला है तो फिर 55 से रास्ता निकालने का क्या औचित्य : माणिक गर्ग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**

कोनरा मौजा के रियाडा/ज़ियाडा अधिग्रहित भूमि पर विधायक उमाशंकर अकेला के अनुसंशा पर प्लॉट नंबर 55 में रास्ता निकालने की स्वीकृति ज़ियाडा ने दी है। ग्रामीणों ने इस बाबत विधायक उमाशंकर अकेला से गुहार लगाई थी। जिसके बाद विधायक ने ज़ियाडा के डायरेक्टर से पत्राचार कर ग्रामीणों की समस्या को अवगत कराते हुए कब्रिस्तान, कर्बला एवं ईदगाह तक जाने के लिए स्थायी रास्ता उपलब्ध कराने की मांग की थी।। जिसके बाद ज़ियाडा ने स्थानीय प्रशासन से जांच करवाकर रास्ता के लिए जियाडा द्वारा आवंटित प्लॉट 55 से ही रास्ता निकालने की स्वीकृति दी है। स्वीकृति के आलोक में विधायक उमाशंकर अकेला ने सीओ बरही को पत्र लिखकर रास्ता के लिए अग्रेतर कार्रवाई के लिए निदेशित किया है। लेकिन आवंटित प्लॉट 55 के लीज धारक माणिक गर्ग ने इस पर आपत्ति जताई है। उन्होंने बताया कि जब प्लॉट नंबर 56 में ऑलरेडी सड़क निकाली गई है। ग्रामीणों का आवागमन हो भी रहा है। फिर 56 को छोड़कर 55 में रास्ता निकालने का क्या औचित्य है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जान बूझ कर परेशान करने की नीयत से प्लॉट नम्बर 55 को टारगेट कर रहे हैं। मुझे ग्रामीणों की रास्ता से कोई आपत्ति नही है। लेकिन मैंने जमीन बतौर अ०क्शन कर पैसे देकर लीज ली है। बाउंडरी में लगभग 15 लाख खर्च हुए हैं। बाउंडरी हटाने पर बाउंडरी की खर्च की राशि एवं रास्ते मे जो जमीन जाएगी उसकी ऑक्शन राशि का भुगतान कौन करेगा। अब तक ज़ियाडा के द्वारा उन्हें किसी तरह की कोई स्पष्ट निर्देश नही मिला है। उन्होंने विधायक एवं स्थानीय प्रशासन से आग्रह किया है कि वस्तु स्थिति को समझा जाय। साथ ही मांग किया कि प्लॉट नंबर 56 में जब रास्ता बना हुआ है तो उसी को स्थायी रास्ता बनाया जाय। उसके बाद भी यदि प्लॉट नंबर 55 में ही जबरन रास्ता बनाने को इच्छुक हों तो जमीन एवं बाउंडरी की राशि उपलब्ध कराया जाय। ज्ञात हो कि रियाडा अधिग्रहित जमीन पर आए दिन कुछ लोगो के द्वारा किसी न किसी मुद्दे को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन कि जाती रही है। जिसके कारण कई उद्यमी लीज लेने के बाद भी अपना उद्यम लगाने की हिम्मत नही जुटा पा रहे हैं। यदि इस पर रोक नही लगाई गई तो आने वाले समय में उद्यमों की संख्या घटेगी, रोजगार प्रभावित होगा। राजस्व की क्षति होगी।।



पूर्व से निकला हुआ रास्ता

# निगेटिव ब्लड ग्रुप वाली महिलाओ का संस्थागत प्रसव जरूरी : रीमा पांडेय

## गर्भवती महिला एवं उनके बच्चे की सुरक्षा को लेकर दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**

स्वास्थ्य विभाग की ओर से अनुमंडलीय अस्पताल बरही में सहिया एवम सहिया साथी को प्रशिक्षित करने को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने किया। बतौर प्रशिक्षिका बीटीटी रीमा पांडेय ने गर्भवती महिला एवं उसके बच्चे की सुरक्षा को लेकर बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिला एवं उनके बच्चे की सुरक्षा में ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबीन की जानकारी होनीं जरूरी है। खासकर निगेटिव ब्लड ग्रुप वाली महिलाओ को विशेष ध्यान देने की जरुरत है। क्योंकि नेगेटिव ग्रुप वाली महिलाओं को रिस्क ज्यादा रहता है। इसलिए इनका प्रसव कभी भी घर पर नही करानी चाहिए। ऐसे महिलाओं का संस्थागत प्रसव ही करानी चाहिए। ताकि जच्चा बच्चा को सुरक्षित रखा जा सके। मौके पर सभी सहिया को कोरोना सेफ्टी कीट का वितरण किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहिया साथी शाहजहाॅ बेगम, सहिया सुमन देवी, सरोज देवी, जसीमुन निशा, इसरत प्रवीण, मीना देवी, ज्योति कुमारी, रेणु कुमारी, माया देवी, बबिता देवी सहित कई सहिया शामिल थे।



प्रशिक्षण देती बीटीटी रीमा पांडेय

9122222016 बिरेन्द्र कुमार

महालक्ष्मी फर्नीचर

जो सजाए आपके सपनों का घर...

डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।

सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन




ATM ग्राहक सेवा केन्द्र

पुरहरा मोड, रसोईया धमना, बरही

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## सम्मेलन को लेकर पटना रोड में बुजुर्ग समाजसेवियों ने किया केशरवानी कार्यालय का उद्घाटन

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



कार्यालय का उद्घाटन करते समजसेवी गण

23 फरवरी को नगर केशरवानी वैश्य सभा की ओर से 28 वॉ केशरवानी मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। उसकी तैयारी पूरे जोर शोर से की जा रही है। इसी निमित पटना रोड स्थित अजय केसरी के मकान में 28 वां केसरवानी मिलन समारोह मनाने के लिए चर्चा हेतु कार्यालय का उद्घाटन गया रोड पंचायत के पूर्व प्रमुख ईश्वर प्रसाद केसरी एवं हजारीबाग पंचायत प्रमुख लखन प्रसाद केसरी जी के द्वारा फीता काटकर तथा महर्षि कश्यप मुनि के चित्र पर पुष्प गुच्छ अर्पण कर किया गया। कार्यालय के उद्घाटन समारोह में नगर केसरवानी वैश्य सभा, बरही के अध्यक्ष बलराम केसरी, महामंत्री महेंद्र केसरी, कोषाध्यक्ष काशी केसरी, अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य तरुण सभा के राष्ट्रीय महामंत्री आशीष केसरी, धर्मशाला निर्माण समिति, बरही के अध्यक्ष विनोद केसरी, प्रशासनिक सहयोग अधिकारी राजेश केसरी उर्फ मेवालाल, नगर केसरवानी वैश्य तरुण सभा के अध्यक्ष रणजीत केसरी,पंचायत प्रमुख राजेश केसरी, उमेश केसरी, निर्मल केसरी, पंचायत सचिव जयराम केसरी, अजय केसरी, अशोक केसरी, एवं नगर के सैकड़ों मौजूद रहे।

## विश्व कैंसर दिवस पर अनुमंडलीय अस्पताल में कार्यशाला का आयोजन, दी गई कैंसर के लक्षण एवं उपचार की जानकारी

### 4 फरवरी से 10 फरवरी तक चलेगा कैंसर स्क्रीनिंग एवं जागरूकता अभियान

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**




कार्यशाला में मौजूद डीएस एवं स्वास्थ्यकर्मी

विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर अनुमंडलीय अस्पताल बरही में कार्यशाला सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला सह जागरूकता कार्यक्रम में डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी के द्वारा कैंसर बीमारी के कारण, लक्षण, कैंसर के प्रकार एवं उसके बचाव के उपाय के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि जल,वायु के प्रदूषण के साथ साथ खराब लाइफ स्टाइल भी कैंसर बीमारी का मुख्य कारण है। इसके साथ ही धूम्रपान, गुटखा सेवन से माउथ कैंसर की संभावना ज्यादा रहती है। स्तन कैंसर के बाबत डॉ ज्ञानी ने बताया कि वैसी महिलाएं जो अपने बच्चों को नियमित स्तनपान नही कराती हैं, उन्हें स्तन कैंसर होने की संभावना रहती है। डॉ मो एजाज़ ने बताया कि 4 फरवरी से 10 फरवरी तक जगह जगह पर स्क्रीनिंग एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मौके पर डॉ प्रकाश ज्ञानी, डॉ अनुभा कुमारी, अमन कुमार, डॉ मेराजुल इस्लाम डॉ संतोष कुमार, डॉक्टर वंदना कुमारी, डॉक्टर नीलू कुमारी ,पंकज कुमार आजाद, विनय कुमार सिन्हा, विनोद कुमार, प्रवीण कुमार, विष्णु कुमार, प्रहलाद कुमार ,महेंद्र प्रसाद, संजय कुमार, कादम्बनी दुबे, जावेद अख्तर, नागेंद्र कुमार, रा. जेश कुमार , कुलदीप कुमार ,टीपू सुल्तान, रामधनी कुमार, सोनी कुमारी, मोहम्मद शमशाद, मिथिलेश कुमार सौरभ कुमार सहित कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

THE MECHANICS

विक्रम बाइक रिपेयरिंग सेंटर

प्रो० – विक्रम कुमार




हमारे यहां सभी प्रकार का बाइक रिपेयर किया जाता है।

TVS
Hero
BAJAJ
HONDA
YAMAHA
SUZUKI
Lifelong
ROYAL ENFIELD
PIAGGIO
Mahindra 2 Wheelers

पता : कोइली मोड़, रसोइया धमना | संपर्क सूत्र :– 6200723851

## जेएनपीएस में सरस्वती पूजा के अवसर पर निःशुल्क नामांकन आज से 10 तक

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**




कृष्णापुरी बरही में संचालित झारखण्ड नेशनल पब्लिक स्कूल में सरस्वती पूजा के अवसर पर कक्षा नर्सरी से सप्तम तक के विद्यार्थियों के लिए निशुल्क नामांकन सप्ताह का शुभारंभ होगा। इस बाबत विद्यालय के निदेशक सुनील कुमार दत्ता ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बसंत पंचमी के पावन दिवस को मां सरस्वती की पूजा झारखंड नेशनल पब्लिक स्कूल परिवार की ओर से हर्षोल्लास के साथ मनाया जा जाएगा। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के द्वारा कोरोना काल को देखते हुए अभिभावकों को अपने बच्चे को नामांकन हेतु बसंत पंचमी से अर्थात 5 फरवरी 2022 से 10 फरवरी 2022 तक कक्षा नर्सरी से सातवीं तक निशुल्क नामांकन का शुभ अवसर प्रदान किया जाएगा। इच्छुक लोग इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं

## जय शंकर पाठक को उत्तराखंड कांग्रेस निर्वाची पदाधिकारी बनाए जाने पर बधाई

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**




बधाई देते कांग्रेसी नेतागण

राजीव गांधी पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जय शंकर पाठक को उत्तराखंड कांग्रेस का प्रदेश निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। उत्तराखंड कांग्रेस का प्रदेश निर्वाचन पदाधिक.ारी बनाए जाने पर जिला के अध्यक्ष अवधेश सिंह, हजारीबाग जिला सदस्यता प्रभारी वीरेंद्र सिंह, रामगढ़ के जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान, जिला महासचिव विधायक प्रतिनिधि विधानसभा विनोद यादव, जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी, बरही विधानसभा के कांग्रेस पार्टी के समर्पित नेता प्रखंड अध्यक्ष इकबाल रजा, चौपारण प्रखंड अध्यक्ष विकास यादव, पदमा प्रखंड अध्यक्ष गौतम मेहता, ने बधाई दी है।

## सरस्वती पूजा को लेकर बरही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



शांति समिति की बैठक में शामिल लोग

सरस्वती पूजा को लेकर बरही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई।। बैठक की अध्यक्षता एसडीप.ीओ नाजिर अख्तर एवं संचालन सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो एवं पुनि थाना प्रभारी नीरज सिंह ने किया। इस बैठक में सरस्वती पूजा शांतिपूर्वक संपन्न करने को लेकर प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों, साउंड संचालकों, पूजा पंडाल आयोजकों तथा गणमान्य लोगों से अपेक्षित सहयोग मांगा । एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा की डीजे न बजाए लेकिन पूजा स्थलो पर सिर्फ भक्ति गीत बजाए । साथ ही साथ शांतिपूर्ण तरीक़े तथा श्रद्धा भाव के साथ पूजा मनाने की अपील की। सभी पुजा आयोजकों को समय पर प्रतिमा विसर्जन करने एवं झारखंड सरकार के द्वारा जारी किए जाए कोविड गाइडलाइन का सख्ती से पालन करने पर जोर दिया गयस। कहा शराब पीकर हुड़दंग मचाने वाले पर प्रशासन सख्ती से पेश आएगा।बरही सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने पूजा के दौरान सभी लोगो को मास्क लगाने की अपील की। थाना प्रभारी नीरज सिंह ने कहा कि किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने, कोई समस्या आने पर तुरंत थानाध्याक्ष सहित प्रशासन को अपवाहों से अवगत कराए। मौके पर बरही एसडीपीओ, बरही बीडीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, बरही थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, भाजपा जिलाउपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा ओबीसी प्रमंडल प्रभारी किशुन यादव, काँग्रेस जिला. उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, काँग्रेस जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी, काँग्रेस प्रखंड अध्यक्ष इकबाल रजा, काँग्रेस ओबीसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सुनील साहू, सांसद प्रतिनिधि बंधन यादव, विहिप के जिला महामंत्री गुरुदेव गुप्ता, भा. जपा युवा नेता रितेश गुप्ता, बरसोत मुखिया प्रतिनिधि विष्णुधारी माहतो, बरही पश्चमी प्रधान रमेश ठाकुर, बरही पूर्वी मुखिया छोटन ठाकुर, समाजसेवी तौकिर रजा, समाजसेवी राजकुमार केशरी, टिंकू केशरी, शममशेर आलम, जियाउल अंसारी, बिकाश कुमार यादव, टेकलाल यादव आदि मौजूद थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## विश्व कैंसर दिवस पर सदर अस्पताल कोडरमा में मरीजों के कैंसर का स्क्रीनिंग किया गया'

**अपेम लाइवः कोडरमा**
**धीरज कुमार**



कोडरमा : विश्व कैंसर दिवस पर आज सदर अस्पताल कोडरमा में मरीजों के कैंसर का स्क्रीनिंग किया गया, जिनमे मुँह का कैंसर एवं महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर का स्क्रीनिंग किया गया। आज से शुरू हुए यह स्क्रीनिंग कैम्प एक सप्ताह तक सदर अस्पताल के ओ पी डी में चलेगा।आज डेंटल ओपीडी में कुल 30 लोगो का मुँह के कैंसर का स्क्रीनिंग किया गया,जिनमे से एक व्यक्ति में मुँह के कैंसर का लक्षण पाया गया। उन्हें तत्काल ही वरीय दंत चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शरद कुमार द्वारा बेहतर इलाज के लिए टी एम एच जमशेदपुर अथवा मुम्बई जाने की सलाह दी गई। वहीं महिला ओ पी डी में कo्लकोस्कोपी मशीन द्वारा पांच महिलाओं का सर्वाइकल कैंसर का स्क्री. निंग डॉ चेलना जैन द्वारा किया गया। आज कैंसर स्क्रीनिंग के लिए दंत विभाग में डॉ शरद कुमार, डॉ नीतू सिंह, दंत सहायक अनु कुमारी एवं डेंटल हैजिनिस्ट जितेंद्र कुमार मिश्र मौजूद थे वही महिला ओ पी डी में डॉ चेलना जैन के अलावा स्टाफ नर्स प्रदीप कुमार, करिश्मा कुमारी एवं ए एन एम पुष्पा कुमारी मौजूद थी।वरीय दंत चिकित्सा पदा. धिकारी डॉ शरद कुमार द्वारा लोगों को मुँह में होने वाले कैंसर के ये प्रमुख लक्षण बताया गया।

1 मुँह में सफेद या लाल दाग या घाव
2 मुँह में किसी भी जगह त्वचा का कड़ा हो जाना
3 ऐसे घाव जो एक माह तक भी ठीक नही हो
4 मसालेदार खाना खाने में परेशानी होना
5 मुँह खोलने में कठिनाई होना
6 जीभ की बाहर निकालने में कठिनाई होना
7 आवाज में परिवर्तन(नाक से बोलना)
8 अत्यधिक लार का निकलना
9 चबाने या निगलने में कठिनाई होना

इनमें से कोई भी लक्षण किन्ही को भी हो तो वे तुरंत मुँह एवं दंत रोग विशेषज्ञ से परामर्श ले और समय रहते अपना इलाज करवाएं।शुरुआत के लक्षणों के बाद तुरंत इसका उपचार शरू कर देने से आप कैंसर जैसे बीमारियों से बच सकते है परंतु अगर इसे नज़रंदाज़ किया गया तो यह जानलेवा भी हो सकता है।

## कोडरमा थर्मल पावर प्लांट में कार्यरत मेंटेनेंस मजदूरों के बीच समस्याओं का अंबार

### मेंटेनेंस मजदूर छोटू कुमार यादव ने केन्द्रीय व झारखंड सरकार के मंत्री को लिखा पत्र

**अपेम लाइवः कोडरमा**
**धीरज कुमार**



छोटू कुमार यादव

कोडरमा थर्मल पावर प्लांट में कार्यरत मेंटेनेंस मजदूर विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं। उनकी समस्याओं के समाधान के लिए चिंतित मेंटेनेंस मजदूर छोटू कुमार यादव ने केन्द्रीय मंत्री, श्रम एंव रोजगार मंत्रालय व झारखंड सरकार के श्रम नियोजन एंव प्रशिक्षण विभाग के मंत्री को पत्र लिखा है।

क्या है मांगें एंव समस्याएं है :

1. डीवीसी केटीपीएस में आईटीआई प्रशिक्षित मजदूरों को नौ वर्षो का कार्यानुभव होने के बावजूद डीवीसी केटीपीएस के अन्तर्गत मेंटेनेंस कार्य करवा रही विभिन्न कम्पनियों के द्वारा कुशल मजदूर का दर्जा नहीं दिया जाता है और कुशल मजदूर का वेतन भी नहीं दिया जाता है।
2. डीवीसी केटीपीएस के अन्तर्गत मेंटेनेंस कार्य करवा रही कम्पनियों में लगातार नौ–दस वर्षो से लैण्ड लुजर अकुशल एंव अर्धकुशल मजदूरों को भी पदोन्नति नहीं किया जा रहा है।
3. मेंटेनेंस में कार्यरत मजदूरों को ज्वाइनिंग लेटर तथा जो मजदूर लगातार पांच वर्षो से अधिक समय तक कार्य कर चुका है उसे ग्रेच्युटी नहीं दिया जा रहा है।
4. मेंटनेंस में कार्यरत मजदूरों को रात्रि भत्ता, ऊँचाई भत्ता तथा यात्रा भत्ता नहीं दिया जा रहा है।
5. मेंटनेंस में कार्यरत मजदूरों को पूर्ण सुरक्षा उपकरण, पोशाक नहीं दिया जाता है।
6. मजदूरों के लिये पूर्ण चिकित्सा व्यवस्था तथा उनके बच्चों के लिये शिक्षा का भी व्यवस्था नहीं किया गया है।
7. यदि कोई मेंटनेंस में कार्यरत मजदूर का प्लांट के अन्दर दुर्घटना एंव अन्य कारणों से मृत्यु होती है तो उनके परिजनों को सम्मानजनक मुआवजा के लिए तय राशि या नियम नहीं बनाया गया है।
8. लगभग 100 मजदूरों को प्लांट के अन्दर बंधुआ मजदूर की भांति रखा गया है। उसे न्यूनतम मजदूरी भी नही दिया जाता है। जबकि प्लांट के अन्दर मजदूरों को रखने का प्रावधान नहीं है।
9. अपनी मांगों और समस्या को लेकर डीवीसी पदाधिकारी के पास जाने वाले मजदूरों को काम से वंचित करने तथा गेट पास रद्द करने की धमकी दिया जाता है।

## उपायुक्त कोडरमा के निर्देशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा कोडरमा प्रखंड अंतर्गत विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया गया, दिये जरुरी दिशा-निर्देश

**अपेम लाइवः कोडरमा**
**धीरज कुमार**



आंगनबाडी का निरीक्षण करते एसडिओ व अन्य

कोडरमा। उपायुक्त कोडरमा के निर्देशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार द्वारा कोडरमा प्रखंड अंतर्गत विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में 15वें वित्त आयोग से बन रहे आवास इत्यादि यूनिट का जायजा लिया गया। आंग. नवाड़ी केंद्रों को मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र में विकसित करने की कवायद तेज की गयी है, जिसके लिए सहायिका व सेविकाओं को कई दिशा–निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त आंगनवाड़ी केंद्रों में सेविका व सहायिका के चयन की भी जांच की गयी। चेचाई आंगनवाड़ी केंद्र के अलावे आदर्शनगर करमा इत्यादि केंद्रों का जांच किया गया। जांच के क्रम में सेविका, सहायिका से बात की। साथ ही साथ मुखिया, पंचायत सेवक के द्वारा आंगनावाड़ी केंद्रों में 15वें वित्त आयोग से किये जा रहे योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कुछ केंद्रों में किये जा रहे निर्माण संतोषजनक पाया गया एवं कुछ को दिशा–निर्देश दिया गया, जहां निर्माण कार्य धीमी गति था, उन्हें तेजी लाने का निर्देश दिया गया। चेचाई स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में सेविका द्वारा किये जा रहे प्रयासों को सराहा गया। साथ ही साथ सभी आंगनवाड़ी केंद्रों के सेविका एवं सहायिका को प्रशिक्षण दिलाने हेतु तितली फाउंड. ेशन के माध्यम से प्रशिक्षण कराने का निर्देश सीडीपीओ को दिया गया। इसके अतिरिक्त सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करने की बात कही। मौके पर कोडरमा सीडीपीओ व अनुमंडल कार्यालय के संतोष कुमार व शैलेन्द्र कुमार मौजूद थे।

## अनिल कुमार सिंह बने चंदवारा के नए थाना प्रभारी

### क्षेत्र में शांति व्यवथा कायम रखना प्राथमिकता : अनिल कुमार सिंह

**अपेम लाइवः चॅंदवारा**
**धीरज कुमार**



अनिल कुमार सिंह

कोडरमा पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने चंदवारा थाना के नए प्रभारी के रूप में अनिल कुमार सिंह को पदस्थापित किया है। ज्ञात हो कि निवर्तमान थाना प्रभारी दुष्यंत सिंह के सेवानिवृत होने के बाद चंदवारा में थाना प्रभारी का पद रिक्त हो गया था। जिसे पुलिस अधीक्षक के आदेश के बाद अनिल कुमार सिंह को थाना प्रभारी बनाया गया। वे पूर्व में भी चंदवारा थाना में कार्यरत थे। फिलहाल पुलिस केंद्र में थे। इधर चार फरवरी को अनिल कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण करने के बाद बताया कि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखना, पुलिस–पब्लिक के बीच बेहतरीन वातावरण तैयार करना, लंबित मामलों का यथाशीघ्र निष्पादन करना, अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण करना उनकी प्राथमिकता होगी। इधर अनिल कुमार सिंह के नए थाना प्रभारी बनने पर प्रखंड प्रमुख लीलावती देवी, विधायक प्रतिनिधि रा. जकुमार यादव, अज्जू सिंह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद कुमार मोदी,भा. जपा प्रखंड अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद राणा, पूर्व विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण प्रसाद यादव, युवा नेता कृष्णा यादव, आरागारो मुखिया महेंद्र यादव, थाम मुखिया पुष्पा देवी, मदनगुंडी मुखिया भुनेश्वरी देवी, महेंद्र पंडित, पूर्व पंसस जयप्रकाश पंडित, पैक्स अध्यक्ष बिनोद राम, विजय मोदी आदि ने बधाई दिया है।

## बैंक ऑफ़ इंडिया के मसमोहना शाखा में आज लगेगा समझौता शिविर

**अपेम लाइवः चॅंदवारा**
**धीरज कुमार**



डोमचांच (कोडरमा) : प्रखंड अंतर्गत मसमोहना बैक अ०फ़ इंडिया शाखा में आज एकमुश्त समझौता शिविर लगाया जाएगा। एलडीएम महेश प्रसाद एवं एरिया मैनेजर विमलकांत झा ने बताया कि शुक्रवार को डोमचांच प्रखंड के मसमोहना कैंप लगाया जाएगा। जिले के अन्य प्रखंडों में भी कैंप का आयोजन 31 जनवरी से ही शुरू किया गया है। इसमें 317 उपभोक्ताओं ने एक करोड़ 32 लाख रुपये की राशि जमा की है। उन्होंने यह भी बताया कि 5 फरवरी को आयोजित होनेवाले कैंप में कोडरमा एरिया आफिस के अंतर्गत कोडरमा जिले के अलावा चतरा और हजारीबाग की शाखाओं में भी कैंप लगेगा। 6803 उपभोक्ताओं पर 60 करोड़ 40 लाख रुपये बाकी है। इन उपभोक्ताओं का ब्याज माफ किया जाएगा, साथ ही पुराने खाताधारियों के मूलधन में भी रियायत दी जाएगी। एरिया मैनेजर और एलडीएम ने बताया कि वैसे उपभोक्ता जो इस शिविर में लाभ नहीं ले पाएंगे उन्हें आरबीआइ की गाइडलाइन के तहत डिफाल्टर की तसवीर सहित लिस्ट बैंकों की शाखाओं में टांगी जाएगी।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## कोविड-19 नियम का पालन करते हुए डोमचांच के सभी विद्यालय खुले

**अपेम लाइवः डोमचॉंच**
**राम कुमार सिंह**



डोमचांच (कोडरमा) : प्रखंड के दिन शुक्रवार को सभी विद्यालय खुल गये. कक्षा एक से पांचवीं तक के बच्चे 22 माह बाद स्कूल पहुंचे. इससे स्कूलों में रौनक लौट आयी है. कोरोना गाइडला. इंस की नियमों का पालन करते हुए एक से पांचवीं तक के छात्र-छात्राओं के 22 माह बाद विद्यालय पहुं. चने पर खुशी साफ दिख रही थी. वे काफी उत्साहित थे. डोमचांच प्रखंड के विवे. कानंद आइडियल पब्लिक स्कूल नवादा, उच्च विद्यालय फुलवरिया, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय पूर्णाडीह, बच्छेडीह, बगड़ो, काराखुट, बंगाखालार, नावाडीह, मधुवन सहित प्रखंड के सभी विद्यालय में शिक्षकों के द्वारा बच्चों को कोरोना गाइडलाइंस का पालन कराते हुए नजर आए. विद्यालय के प्रधानाध्यापक सभी छात्र - छात्राओं को मास्क व सेनाटाईज करने के बाद ही कक्षा में प्रवेश कराया गया। वहीं पहली से बार. हवीं तक के विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी काफी उत्साहित दिखे बता दें की सरकार द्वारा कोविड गाइडलाइन जारी करने के बाद कोडरमा जिले के सभी विद्यालय खुल गए हैं. वहीं शिक्षकों ने भी खुशी जाहिर की है।

## भाजपा नेता मनोज कुमार पर झूठा मुकदमा दर्ज कराने को लेकर जयनगर थाना में एक आवेदन दिया

**अपेम लाइवः डोमचॉंच**
**राम कुमार सिंह**

स्थानीय पेठियाबागी निवासी मनोज कुमार ने जयनगर थाना में एक आवेदन देकर रोडिक माइनिंग एंड डेवल. पर्स के मालिक कृष्ण कमल प्रसाद पर राशि हड़पने की नीयत से जालसाजी कर उन पर झूठा मुकदमा दज कराने को लेकर जयनगर थाना में एक आवेदन दिया है। उक्त आवेदन की प्रतिलिपि कोड. रमा के एसपी कुमार गौरव को भी सौंपी है। आवेदन में मनोज कुमार ने कहा है कि वह झुमरी तिलैया स्थित रोडिक माइनिंग एंड डेवलपर्स के प्रोपराइटर कृ ष्ण कमल प्रसाद पिता स्व. जय नारायण राम के साथ संयुक्त रूप से क्रेशर बैठाया था। जिसमें 145 रु प्रति टन के हिसाब से प्रति माह 25 हजार टन का भाड़ा का राशि देने की बात तय हुई थी। इतना ही नहीं उन्होंने प्लॉट नंबर 9 एवं 10 रकबा 1.31 एकड़ जमीन पर भाड़े के रूप में वह लगातार उपयोग कर रहा था जिसका अलग से भाड़ा भुगतान करने की बात तय हुई थी। परंतु उक्त राशि आज तक उन्हें कृष्ण कमल प्रसाद के द्वारा नहीं दी गई है। बाद में उल्टा कृष्ण कमल प्रसाद ने उन पर सामान चोरी करने का गलत आरोप लगाकर जयनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज करा दी। कृष्ण कमल प्रसाद के द्वारा झूठा मुक. दमा दर्ज कराकर स्थानीय समाचार पत्रों में छपवाने से उन्हें गहरा दुख हुआ है। उन्होंने आवेदन में कहा है कि कृष्ण कमल प्रसाद पर उनका तीन करोड़ बेताबी लाख पंद्रह हजार रु बकाया है। मुक्त बकाया राशि हड़पने के ख्याल से उसने उस पर झूठा मुकदमा दर्ज कराया है।

## सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा : थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजन हुई। बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी के उपस्थिति में बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी शशिकांत सिंकर ने किया। बैठक में अश्लील गानों पर प्रतिबंध रहेगा।वहीं समरेश प्रसाद भंडारी ने बताया कि 8 फरवरी 2022 दिन मंगलवार को चलकुशा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिव्यांग शिविर का आयोजन किया जा रहा है।एवं चल. कुशा में एंबुलेंस की सु. विधा उपलब्ध है।मौके पर थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि सुबोध चौधरी, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह,प्रमुख प्रतिनिधि केदार यादव, मुखिया भुवनेश्वर दास, मुखिया , युवा नेता आलोक सिंह, दिनेश पांडेय, लखन साव,समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे। बैठक में सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण मनाने की अपील की गई।. वहीं कोविड 19 का पालन करने,भीड़-भाड़ को देखते हुए मनाने का अपील किया गया।

## पंचायत चुनाव मैं युवाओं को करे समर्थन निश्चित रूप से होगा विकास

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



मो0 कबीर

बरही प्रखंड अंतर्गत कोनरा पंचायत के युवा समाजसेवी मो कबीर ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि युवा अगर पंचायत चुनाव में गुहार करे तो उसे निश्चित रूप से सहयोग करें। युवा किसी भी कार्य को बेहतर आगजा के साथ बढ़िया अजाम तक पहुंचाने का कार्य बखूबी से जनता है। युवाओं को पंचायत चुनाव से ज्यादा से ज्यादा आगे जाने की जरुरत है युवाओं को समर्थन समझाने कर उन्हें मौका मिलना चाहिए युवाओं इस माटी के अभिन्न अंग है । पंचयात चुनाव आने वाला है लोग में चुनाव को लेकर हलचल है में प्रखंड के सभी मतदाताओं से कहना चाहता हूँ की वे पंचयात चुनाव मे युवा उम्मीदवारों को समर्थन देने के बारे में मन बनाए यदि आप वाड सदस्य, पंचायत समिति, मुखिया, जिला परिषद, युवावर्ग के लोगों को बनाते हैं तो निश्चित तौर पर व क्षेत्र का विकास ईमानदारी से करेगे इसलिए चुनाव मे युवा लोगो आगे आने चाहिए।

## जीप प्रतिनिधि मो क्यूम के जन्मदिन पर ग्रामीणों ने पुष्पगुच्छ देकर दिया बधाई

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



बरही पूर्वी जीप प्रतिनिधि सह समाजसेवी मो क्यूम के जन्मदिन के अवसर पर ग्रामीणों ने पुष्पगुच्छ देकर बधाई दिया। साथ ही लंबी उम्र की कामना की। मौके पर सुनील ठाकुर, कारु भगत, भरत सिंह, गुलाम अजहर, रमजान अंसारी, मो सलामत, प्रदीप कुमार, मो सिकंदर, मो खलील, अजय कुमार, मुकेश कुमार, उमेश मोदी एवं महेश कुमार मौजूद थे।

## बरकट्ठा गोरहर थाना में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**अपेम लाइवः बरकठ्ठा**
**सुनील कुमार**


बैठक में उपस्थित अंचल अधिकारी व थाना प्रभारी

बरकट्ठा :.सरस्वती पूजा सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक गोरहर थाना परिसर में हुई । बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी श्रीकांतलाल मांझी ने किया संचालन इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी राधा कुमारी ने की । अंचल अधिकारी श्रीक. तंलाल मांझी ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि हाल में सभी स्थान पर कोविड गाइडलाइन के तहत ही सरस्वती पूजा मनाई जाएगी । थाना प्रभारी राधा कुमारी ने उपस्थित लोगों से अपील किया कि वह अपने अपने गांव में सक्रिय रहे और अफवाह पर ध्यान नहीं दें. जुलूस निकालने पर चर्चा करते हुए पिछले वर्ष के तरह ही कोविड गाइड लाइन के तहत सरस्वती माता के प्रतिमा को विसर्जन करने का निर्देश दिया गया लोगों से किसी भी बात की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को देने की अपील किया.साथ ही जुलूस में डीजे का प्रयोग नही करना है निर्धारित साउंड में ही लाउडस्पीकर बजाए अधिकारियों ने प्रशासनिक निर्देश का अनुपालन करने की अपील किया मुखिया बेलकपी गुड्डी देवी, गोरहर मुखिया बड़की देवी, उप मुखिया सुरेश पांडेय, प्रेम कुमार, कुंजलाल महतो, क्लब जे विजय पांडेय, विपुल पांडेय, विकास कुमार यादव, दीपन साव, मनोज साव, अजय राणा प्रकाश कुमार, रणजीत तिवारी, सचिन कुमार अशोक कुमार समेत बडी संख्या में सरस्वती पूजा समिति के लोग उपस्थित थे

APEM LIVE

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## स्कूल हुआ गुलजार, बच्चे हुए खुशहाल, स्कूलों में लौटी रौनक

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



कोरोना की वजह से बंद स्कूलों में एक बार फिर रौनक लौट आयी है. सरक. ारी स्कूलों के साथ साथ निजी स्कूलों में भी कक्षाएं शुरू कर दिया गया है। बात चौपारण प्रखण्ड के करे तो 159 सरकारी व 2 मान्यता प्राप्त एवम लगभग 80 निजी विद्यालयों में पहले दिन कोविड 19 नियमो का अनुपालन करते हुए कक्षाएं संचालित किया गया। हालांकि पहले दिन उप. स्थिति नहीं के बराबर रहा लेकिन स्कूली बच्चो में उत. सुकता देखने लायक रहा। मध्य विद्यालय सेलहारा के शिक्षक जनार्दन प्रसाद वर्मा ने बताया कि सरस्वती पूजा की वजह व जानकारी के अभाव में उपस्थित कम रहा और पहले दिन आये बच्चो को कोविड 19 से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी देते हुए सभी को मास्क प्रयोग व नियमित साबुन से हाथ धोने का सलाह दिया गया। उच्च विद्यालय टोईया के प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र सिंह ने बताया कि बच्चों को स्कूल में प्रवेश से पहले सबको सेनिटाइज किया गया। कक्षा में कोविड नियमो के अनुरूप बच्चो के बीच दूरी बनाकर बैठाया गया। मध्य विद्यालय सिंहपुर के प्रभारी प्राचार्य कमलेश कुमार कमल ने बताया कि बच्चो के माता पिता का सहमति पत्र लेकर ही स्कूल में प्रवेश करने दिया व शेष बच्चो को आपदा प्रबंधन विभाग के आदेशानुसार अभिभवाक से सहमति पत्र साथ लाने का आग्रह किया। इधर निजी विद्यालय संघ के संचालक सुनील कुमार सिंह, नंदू प्रजापति, शंकर दयाल साव, धीरेंद्र यादव आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए राज्य सरकार के निर्णय का स्वागत किया।

## सरस्वती पूजा की तैयारी चल रही है जोर-शोर से

**अपेम लाइव**
**बिरनी /गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अंतर्गत प्रखंड मुख्यालय से लगभग एक किलोमीटर पश्चिम दिशा की ओर एक गाँव है जो बनपुरा के नाम से विख्यात है तथा मनमोहक है जिसमे वर्षो से सरस्वती पूजा धूमधाम से गाँव के ही नवयुवकों के द्वारा सजाकर प्रत्येक वर्ष माँ सरस्वती की विधिवत पूजा की जाती है बनपुरा में अभी से 15 वर्ष पूर्व पश्चिम बंगाल से माँ सरस्वती की प्रतिमा को लाई जाती थी और उस समय बहुत ही अच्छे तरीके से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किये जाते थे और आज भी उसी परम्परा के अनुसार पूजा की जाती है और इस पूजा में सभी ग्रामीणों व प्रदेश में रहने वाले सभी युवकों का भी पूर्ण सहयोग मिलता है तथा गाँव के नवयुवकों की अहम भूमिका रहती है जो पूजा से कई दिन पूर्व इसकी तैयारी में लग जाते हैं और अपनी कला से सुसज्जित करते हैं जिसमे मुख्य रूप साकेत, सचिन,शशि, मनु,र ौशन, प्रिंस, आयुष, पीयूष, निशांत, सुबोध, संजीत आदि लोगों का सहयोग रहता है ।।

## सोलर का तार बैटरी में जोड़ने के क्रम में बैटरी हुआ ब्लास्ट, एक बच्चा गंभीर

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां थाना अंतर्गत सांख पंचायत में बैटरी के ब्लास्ट होने से एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि सांख निवासी परमेश्वर मिस्त्री के 10 वर्षीय पुत्र नितेश कुमार शुक्रवार की सुबह सोलर की तार को बैटरी से जोड़ रहा था तभी अचानक बैटरी ब्लास्ट हो गया जिससे नितेश कुमार के हाथ पूरी तरह झुलस गया और शरीर के कई हिस्सों में बैटरी के छोटे-छोटे टुकड़े लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों ने आनन-फानन में बच्चा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गावां ले आये जहां डॉ० हबीबुल्लाह खान ने प्राथ. मिक उपचार कर उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल गिरिडीह रेफर कर दिया।

## बिरनी में शुक्रवार को दिन में रुक रुक कर हुई बारिश, ठंड से राहत नहीं

**अपेम लाइव**
**बिरनी /गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



गिरिडीह जिले के आस पास के इलाके में शुक्रवार को दिन भर बादल छाए रहे। वही बिरनी प्रखंड में शुक्रवार को दिन में रुक रुक कर बारिश हुआ। मौसम विभाग के अनुसार पहले भी इस चीज से आदेश जारी कर दिया था। जिससे शुक्रवार को लोगो को घर मे ही अपना दिन काटे वही लोगो को ठंड से राहत नहीं मिलेगा।वही कनकनी हवा चलने लगी

APEM
LIVE

## 45 वर्षो से शिल्पकार बन मूर्ति को दे रहे आकर, बचपन से जवानी बीता, हौशला है भरमार

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



दुनिया में हर व्यक्ति के अंदर एक कलाकार छुपा होता हैं, जरूरत होती हैं उसे पहचानने की. कुछ लोग अपनी कला से अमिट छाप छोड़ जाते है तो कुछ लोग परिस्थिति के आगे हार मानकर अपनी कला का दम घोट देते है। आज हम एक ऐसे कलाकार की बात करने जा रहे है जिन्हा. ेंने अपना बचपन, जवानी और अब बुढ़ापा भी उसी में कार्य मे समर्पित कर दिया। जी हां हम बात कर रहे है रामपुर निवासी सीताराम पंडित की जो 45 वर्षो से शिल्पकार बन कर मूर्तियों को आकार देने में लगे है। सीताराम पंडित लगभग 61 वर्ष के हो गए है लेकिन माता का प्रतिमा बनाने का जुनून अभी तक कम नही हुवा है। आज बसंत पंचमी है और माता सरस्वती की प्रतिमा का पूजा किया जाता है। प्रत्येक वर्षो की भाँती इस वर्ष भी सीताराम द्वारा बनाये मूर्तियों की मांग बहुत ज्यादा है। सीताराम ने बतलाया कि बचपन से ही हमे मूर्तिया बनाने का शौक था। दुर्गा पूजा के दौरान बंगला के कलाकार मूर्ति बनाने रामपुर आया करते थे हमने उन्ही के साथ रहकर मूर्ति बनाने का हुनर सीखा बाद में खुद से मूर्ति बनाना शुरू किया। धीरे धीरे हमने मेहनत किया और माता का आर्शीवाद बना रहा जिसका परिणाम है कि दिन प्रतिदिन हमारे द्वारा बनाये गए मूर्तियों का मांग बढ़ता ही गया। मालूम हो कि सीताराम पंडित द्वारा बनाये गए मूर्तियों को चौपारण प्रखण्ड के रामपुर, डेबो, बसरिया, भगहर आदि पंचायतों के अलावे चंदवारा प्रखण्ड के कई स्कूलों, शैक्षणिक संस्थानों व गाँव मे माँग पर भेजा जाता है। सीताराम द्वारा मूर्ति निर्माण कार्य मे उनके बड़े बेटे बिनोद पांडेय, पोता व परिवार के अन्य सदस्य साथ देते है। सीताराम पंडित सरस्वती माता का प्रतिमा बनाने के अलावे दुर्गा पूजा में रामपुर, बसरिया, कांटी आदि स्थानों पर स्थापित होने वाले दुर्गा मां के प्रतिमा का निर्माण करते है। सीताराम अपने बुढ़ापा जीवन में प्रवेश कर रहे है लेकिन उनका हौशला भरमार है। प्रतिमा निर्माण कर सीताराम पंडित अपने परिवार का भरण पोषण करते है। सीताराम ने कहा जब तक शरीर में प्राण है तबतक माता का प्रतिमा बनाता रहूँगा।

## जमडार में वज्रपात से एक की मौत, बच्चा समेत दो व्यक्ति हुआ घायल

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां थाना अंतर्गत जमडार पंचायत के जमुआ गांव में गुरुवार की देर रात वज्रपात होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक बच्चा और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के सम्बंध में बताया गया की जमुआ गांव निवासी चौतु मुर्मू पिता स्व चौपन मुर्मू उम्र 50 वर्ष अपने घर में अपनी पत्नी मैंनो मंझियान और 11 वर्षीय पुत्र सुखदेव मुर्मू के साथ सोया हुआ था तभी रात लगभग एक बजे घर पर ही वज्रपात हो गया जिसमें चौतू मुर्मू की मौत हो गई। साथ ही उसकी पत्नी और पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर सुबह में जमडार मुखिया प्रतिनिधि बलराम मुर्मू अपने बोलेरो वाहन से जनलोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गावां लेकर आए जहां डॉक्टर हबीब. ुल्लाह खान ने चौतु मुर्मू को मृत घोषित कर दिया और घायल पत्नी एवं पुत्र का प्राथमिक उपचार के बाद गावां सीएचसी में भर्ती कर लिया जहां दोनों का इलाज किया जा रहा है। इधर गावां पुलिस चौतु मुर्मू के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्ट के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया है।

## सड़क हादसे में एक युवक की मौत

**अपेम लाइव**
**बिरनी /गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड के बराडीह पंचायत अंतर्गत तुरी टोला के सतीश तुरी पिता दर्शन तुरी का मौत मोटर साइकिल पर सवार गिरिडीह जाने के क्रम में ग्राम कस्कुटैया अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हो जाने से हो गया जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। इसकी सूचना स्थानीय बिरनी पुलिस को दे दी गई है घटनास्थल पर पहुंचकर एसआई नवीन कुमार ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया। वही घटना को लेकर स्थानीय व्यक्तियों एवं समा. जसेवियों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से मृतक के परिवार को मुआवजे की मांग की हैं घटनास्थल पर पहुंचे जिला परिषद सदस्य कैलाश यादव। भाकपा माले जिला कमिटी सदस्य सहदेव यादव,प्रखंड कमिटी सदस्य इजरायल अंसारी कामेश्वर मंडल, लोकल सचिव नारायण यादव, ब्रांच सचिव बासुदेव दास वार्ड सदस्य कालेश्वर यादव श्रीराम यादव बबलू यादव हिरालाल यादव अर्जुन महतो छोटी तुरी शिवा तुरी नकुल तुरी वा अन्य लोग उपस्थित थे।

APEM
LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## राष्ट्रीय यादव सेना धनवार प्रखंड उपाध्यक्ष सतीश कुमार यादव का वज्रपात से हुआ मौत

**अपेम लाइवः धनवार**
**रौशन अली**



धनवार प्रखंड के अंतर्गत ग्राम र्ढ़ीदिह के सतीश कुमार यादव एक होनहार नेता था सतीश का उम्र लगभग 35 वर्ष था रत के 2रू00 पूर्वहन को घर से बाहर निकला था भाठा में तिर्पल थकने के लिए उसी समय वज्रपात से सतीश कुमार यादव का हुआ मौत वे एक व्यक्ति नहीं, विचारधारा थे,आंदोलन थे और धनवार प्रखण्ड के माफियाओं एवं पदाधिकारियों के खिलाफ हमेशा लड़ाई लड़ते रहने वाले योद्धा थे स उनका हाल का कई आंदोलन अखबार के सुर्खियों में रहा स राष्ट्रीय यादव सेना संगठन के प्रखण्ड उपाध्यक्ष और धनवार बचाओ संघर्ष समिति संस्थापक के बतौर उनका समाज और गरीब-गुरबों के प्रति उनका कार्य अविस्मरणीय रहा स इतने कम उम्र में उन्होंने ने जो कर दिखाया वह लोगो को यादगार रहेगा ।

## गावां में इनौस जिला कमिटी सदस्यों की बैठक सम्पन्न, लिये गए कई निर्णय

**अपेम लाइव : गावां**
**मोजाहिद अली**



गावां में इंक़लाबी नौजवान सभा (त्ल।) के गिरिडीह जिला कमिटी के सदस्यों की बैठक शुक्रवार को की गई।बैठक की अध्यक्षता इनौस राज्य अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी और संचालन जिला सचिव अशोक मिस्त्री ने किया। बैठक में जिला के सभी प्रखंडो में सदस्यता अभियान चलाते हुए प्रखंड स्तरीय स्तरीय बैठक करके जल्द से जल्द प्रखंड सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। झारखण्ड की आदिवासी एवं क्षेत्रीय भाषा - संस्कृति का अतिक्रमण और राजनितिक दलों की भाषा-राजनीती अविलम्ब बंद हो, जल्द से जल्द स्थानीय नीति घोषित करो 1932 का खतियान लागू करो, हेमंत सरकार रोजगार का प्रबंध करो आदि सवालों को लेकर 10 फरवरी को जिले के हर प्रखंड में प्रतिवाद मार्च निकालने का निर्णय लिया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए इंक़लाबी नौजवान सभा के राष्ट्रीय सचिव संदीप जयसवाल ने कहा देश में जब राज्यों के पुनर्गठन का काम किया जा रहा था तो सभी स्थानीय व देशज भाषा-संस्कृति के महत्व को काफी प्राथमिकता दी गयी थी। यह अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि 'अबुवा सरकार' कहलानेवाली हेमंत सोरेन की सरकार ने प्रदेश के आदिवासी व मूलवासी समुदायों की देशज पहचान भावना पर कुठाराघात किया है। वक्ताओं ने हेमंत सरकार से झारखण्ड की 9 आदिवासी और क्षेत्रीय भाषाओँ को सही विकास के लिए त्वरित विशेष 'सांस्कृ तिक निति' बनाकर समयबद्ध तरीके से ठोस ज़मीनी काम करने की मांग की है। झारखंडी भाषा संस्कृ ति अकादमी के गठान के साथ साथ प्राथमिक से उच्चतर स्तर के पठन पाठन, पुस्तकें और सभी स्तरों पर समुचित शिक्षकों की अवलम्ब बहाली की भी मांग ह। भोजपुरी व मगही को क्षेत्रीय दर्ज़ा देने का वि. रोध कर रहे छात्र युवाओं के जारी आन्दोलन का समर्थन करते हुए इनकी लोकतान्त्रिक भावनाओं को समझने की अपील करते हुए कहा है कि ये किसी दूसरी भाषा या भाषी के खिलाफ नहीं है, बल्कि सरकार के फैसले का विरोध है जिसे सामाजिक टकराव का मुद्दा नहीं बनया जाय। मौके पर इनौस जिला उपाध्यक्ष असगर अली, सीताराम पासवान, प्रीति भास्कर, जिला सह सचिव पूरण महतो, कुलदीप राय,जिला कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, जिला कमिटी सदस्य राजेश विश्वकर्मा, विक्रम आनंद राय, खुर्शीद आलम, अविनाश कुमार सिंह, इकबाल अंसारी, इरफान अंसारी, सूर्य देव तुरी, मुक. ेश यादव, आनंदी यादव, प्रदीप यादव, समेत दर्जनों इंनौस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## वज्रपात से मृत और घायलों के परिजनों से मिले जीप सदस्य इमरान अंसारी, दिया मदद का आश्वासन

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गांवा प्रखंड अंतर्गत जमडार पंचायत के ग्राम जमुआ में वज्रपात से 50 वर्षीय चौता मुर्मू की मौके पर ही मौत हो गई जबकी 47 वर्षीय माइनो मंझियान और 11 वर्षीय पुत्र सुखदेव मुर्मू झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना की सुचना मिलते ही जीप सदस्य इमरान अंसारी परिवार वालों को ढाढ़स देने उनके घर पहुंचे और यथासम्भव मदद का आश्वासन किया। कहा कि यह परिवार बेहद ही गरीब है और ऐसे में इस तरह की घटना घट जाना बहुत ही दुख की बात है। उन्होंने स्थानीय प्रखंड विकास पदा. धिकारी,अंचल अधिकारी और उपायुक्त महोदय से मांग करते हुए कहा की परिजनों को अभिलंब मुआवज़ा दिया जाए। वहीं तारापुर निवासी महेंद्र तुरी का भी आज ही आकस्मिक निधन हो जाने की खूबर सुनकर उनके परिजनों से मिलकर सांत्वना दिए और सहयोग का आश्वासन दिए।







APEM LIVE

## सरस्वती पूजा महोत्सव को शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**




गावां में सरस्वती पूजा महोत्सव शांति एवं सौ. हार्दपूर्ण ढंग से मनाने के लिए शुक्रवार को थाना परिषर में शांति समिति की बैठक का आयोजन थाना प्रभारी पिंटू कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि सरस्वती पूजा का त्योहार शांति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से कोरोना प्रोटोक०ल का पालन करते हुए मनाया जाएगा। साथ ही उन्होंने सभी ग्रामवासियों से डीजे न बजाने और शराब का सेवन नही करने की अपील किये। उन्होंने कहा कि त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से बीते इसके लिए सभी जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्धजनों के सहयोग की आवश्यक्ता है। कही भी किसी तरह का समस्या उत्पन्न हो तो हमे आ. तिशीघ्र सूचित करें ताकि समस्या गंभीर न हो। बैठक में उपस्थित लोगों ने भी सहयोग करने और सौ. हार्दपूर्ण ढंग से पूजा सम्पन्न करवाने का आश्वासन दिया। मौके पर जीप सदस्य इमरान अंसारी, उप प्रमुख नवीन यादव, नागेश्वर यादव, मुखिया मो0 सबदर अली, विजय यादव, मो0 अय्यूब, मंसूर आलम समेत दर्जनों जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

## बैंककर्मियों के दुर्व्यवहारपूर्ण रवैए से क्षुब्ध हैं बीओआई के खाताधारक

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ के बैंक ऑफ इंडिया शाखा में खाताधारक इन दिनों बैंककर्मियों के रवैए के काफी क्षुब्ध हैं। बैंककर्मियों द्वारा आए दिन ग्राहकों के साथ दुर्व्यवहार की शिकायतें मिल रही है। अपनी हीं जमा पूंजी को निकालने में ग्राहकों को जलील होना पड़ता है। खासकर महिला ग्राहकों के साथ काफी परेशानी होती है। घंटों कतार में खड़े रहने के बावजूद कर्मी ऐसा व्यवहार करते हैं जैसे उनकी अपनी जमापूंजी को कोई मांग रहा हो। ग्राहकों का कहना है कि बीओआई अपने आदर्श वाक्य रिश्तों की जमापूंजी को तार-तार कर रहे हैं। बैंककर्मियों के दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर कई खाताधारकों ने तो बीओआई से खाता बंद करने तक का मन बना लिया है। विष्णुगढ़ के अखाड़ा चौक निवासी खाताधारक विष्णु कुमार ने ग्राहकों के साथ आए दिन हो रहे जलालत एवं दुर्व्यवहार को लेकर शाखा प्रबंधक समेत बैंक के वरीय अधिकारियों को ईमेल के माध्यम से अवगत कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। कहा है कि बीओआई विष्णुगढ़ शाखा के कई कर्मियों का व्यवहार काफी अशिष्ट है। आए दिन कई ग्राहकों को शाखा में बैंक. कर्मी अपमानित एवं बद. सलूकी करते हैं। वहीं, कुछ रसूखदार लोग केबिन में दाखिल होकर अपना काम शीघ्र करवा लेते हैं। शिकायतकर्ता ने वरीय अधिकारियों से मांग की है कि शाखा का औचक निरीक्षण करते हुए सीसीटीवी फुटेज की जांच कर संबंधित कर्मियों पर सख्त विभागीय कार्रवाई की जाए। इस संबंध में शाखा प्रबंधक अजय यादव ने पूछे जाने पर कहा कि मेरे और मेरे सभी बैंककर्मियों का आचरण शिष्ट है। एक ग्राहक की शिकायत ईमेल के माध्यम से मिली है। शिकायतकर्ता को इसका रिप्लाई भेजा जाएगा।

## बगोदर विधायक ने बरांय में रखी योजना की रखी आधारशिला

### जिला योजना अनाबद्ध निधि से होगा गार्डवाल, पुलिया एवं नाली का निर्माण

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



बरांय इस्लामपुर में योजना की आधारशिला रखते विधायक बिनोद सिंह

बगोदर विधायक बिनोद सिंह ने शुक्रवार को प्रखण्ड के बरांय पंचायत अंतर्गत इस्लामपुर में जिला योजना अनाबद्ध निधि से जीटी रोड़ एनएच 2 बाइपास से इस्लामपुर टोला तक गाड. 'वाल, पुलिया एवं नाली निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। कार्य की प्राक्कलित राशि 42 लाख 35 हजार रूपए है। शिलापट्ट का अनावरण कर उन्होंने कहा कि इस योजना से बरांय इस्लामपुर और एनएच 2 जीटी रोड़ बाइपास हाइवे पहुंचने काफी कम समय लगेगा। पहले एक किमी दूर हाइवे तक जाने में लोगों को नौवाडीह होकर छह किमी जाना पड़ता था। इसके बन जाने से लोगों को सुविधा होगी और कम दूरी तय कर समय की भी बचत होगी। विधायक ने कहा कि मार्च तक यदि संवेदक काम पूरा कर लेते हैं तो अगले वित्तीय वर्ष के शुरुआत में सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब ने इस योजना को जनोपयोगी बताया। कहा कि बरांय के मुख्य सड़क का काम जो हरिहरधाम से काली मंदिर बरांय तक बनना है, उसे भी शीघ्र शुरू किया जाएगा। मौके पर जानकी शर्मा, अब्दुल कलाम अंसारी, ताजमुल अंसारी, असमान अंसारी, सराजुद्दीन अंसारी, जलील अंसारी, तमीम अंसारी, रामेश्वर दास, जयचंद रविदास, मनोज मंडल, विनय कुमार, अंजर, असलम, हसनैन, असरफ, अजहरुद्दीन, अफसर, मजीबुल, राजेश, सुरेश, दिलीप, सुनील, निसार, शोएब, इजरैल, मौलाना इरशाद, मेराज, अर्जुन समेत कई लोग मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का मिला लाभ

### बैंक के ग्राहकों से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना से जुड़ने का किया गया आग्रह

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



बैंक ऑफ बड़ौदा के सीएसपी संचालक दीपक राणा के प्रयास से प्रखंड के बकचुमा पंचायत अंतर्गत कोसमाडीह गांव के मुकेश राणा को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत शुक्रवार को दो लाख रुपया बीमा राशि मिली। सीएसपी संचालक दीपक राणा ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 330 रुपये सालाना प्रीमियम जमा करने पर मुकेश राणा को दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी गई। उन्होंने कहा कि नेचुरल डेथ होने पर ना. मिनी को उसका लाभ दिया जाता है। यह एक बेहतर योजना है।अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठाएं।आगे उन्होंने बताया कि उनके बैंक के उपभोक्ता कोसमाडीह निवासी मुकेश राणा की पत्नी सरिता देवी मृत्यु के बाद उनकी पति मुकेश राणा को दो लाख की आर्थिक सहायता दी गई।

APEM
LIVE

